वर्ष- 21 अंक - 257 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12




दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 02 मार्च 2026

# खूनी जंग से लहूलुहान हुआ शेयर मार्केट

## 6 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

### कच्चा तेल हुआ महंगा सोना चांदी में भी आया उछाल

**सोमवार ● एजेंसी**

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद इन देशों में खूनी जंग छिड़ गई है जिसके कारण आज बाजार में भगदड़ मच गई। इस जंग के कारण कच्चे तेल के दाम में भारी उछाल आया। कच्चा तेल अब 80 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है जो 100 तक पहुंच सकता है। ज्ञात रहे कि 40-50 प्रतिशत तेल भारत इन्हीं युद्धग्रस्त देशों से मंगाता है। जंग के कारण आज शेयर बाजार भी धड़ाम हुआ। सेंसेक्स 1000 अंक टूट गया जिससे एक झटके में 6 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। सेंसेक्स के साथ निफ्टी में भी गिरावट दर्ज की गई।

उधर चांदी की कीमत में आज 10400 रुपए का उछाला आया और चांदी 2 लाख 92



हजार तक पहुंच गई, जबकि सोना 5260 बढ़कर 1.67 लाख रुपए तक पहुंच गया। इस युद्ध के कारण दुबई में रियल एस्टेट मार्केट भी प्रभावित हुआ है।

# अमेरिका ने डुबो दिए ईरान के 9 युद्धपोत



## 1000 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक, 2000 बम गिराए

### 48 नेता, 40 कमांडर मारे गए

### अब ईरान पर बड़े हमले की तैयारी

**सोमवार ● एजेंसी**

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले आज तीसरे दिन भी जारी हैं। इधर ईरान भी इजराइल और अमेरिका के ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है। अमेरिका ने अब तक ईरान के 9 युद्धपोत डुबो दिए। ईरान के 1000 ठिकानों पर 2000 से ज्यादा बम गिराए गए। इन हमलों में ईरान के 48 नेता, 40 कमांडर भी मारे गए। उधर इजराइल ने लेबनान के 50 गांव खाली करा लिए। इस जंग में अब फ्रांस की एंट्री भी हो चुकी है। फ्रांस ने युद्धपोत भेजे हैं। उधर ईरान ने ब्रिटेन के सैन्य अड्डों पर हमला किया। ईरान की जामकरान मस्जिद पर इंतकाम का लाल झंडा फहराया गया है। जबकि अमेरिका ने 4 बी-2 बॉम्बर से बम बरसाए। ईरान के ताजा हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों और 8 इजराइलियों की मौत हो गई। इसी तरह बेरुत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायली हमले में 10 लोगों की मौत हुई। ईरान ने बहरीन, यरुशलम, दुबई, कुवैत में भी हमले किए। ईरान ने 560 अमेरिकी सैनिकों को मारने का दावा किया है। ट्रंप ने कहा कि यह युद्ध एक महीने चल सकता है। ईरान में स्कूल पर हुए हमले के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 165 हो गई।

## जाना था कुवैत, पहुंच गए पाकिस्तान

**सोमवार.एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में संघर्ष के चलते एयरस्पेस बंद होने से एक एयर अरेबिया फ्लाइट कराची एयरपोर्ट पर डायवर्ट हुई, जिसमें आठ भारतीय यात्री फंसे हैं, जिनमें केरल के तीन सदस्य भी शामिल हैं। यह जानकारी नोर्का रूट्स ने दी है। यात्री अजरबैजान के बाकू से कुवैत जा रहे थे।

## भारत में भी मातम




**सोमवार ● एजेंसी**

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर भारत के कई इलाकों में मातम मनाया जा रहा है। उत्तरप्रदेश के बिजनौर में शिया समुदाय के लोगों ने रैली निकालकर काले झंडे फहराए। शिया समुदाय के गुस्से को देखते हुए उत्तरप्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। खामेनेई की मौत के विरोध में जम्मू कश्मीर के डोडा-किश्तवाड़ में आज बंद का ऐलान किया गया है।

## जंग में फंसे 97 लाख भारतीय, मोदी हुए सक्रिय

**सोमवार.एजेंसी।** ईरान-अमेरिका के बीच चल रही जंग के कारण प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर अलर्ट मोड में आ गए हैं। युद्धग्रस्त देशों में करीब 97 लाख भारतीय खौफ के साए में हैं। इनकी सुरक्षा के लिए मोदी सरकार अलर्ट हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने इन भारतीयों की सुरक्षा के साथ युद्ध रोकने की पहल करते हुए यूएई के राष्ट्रपति और इजराइल के प्रधानमंत्री से फोन पर बात की। कल शाम को उन्होंने एक अहम बैठक भी की। इस बीच यूएई सरकार ने कहा कि अबूधाबी में जो भारतीय फंसे हैं। उनके होटल का खर्च यूएई सरकार उठाएगी।

## जहरीली गैस से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**हाजीपुर.एजेंसी। बिहार के हाजीपुर में सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई है। उनकी मौत की वजह जहरीली गैस बताई जा रही है।**

## माता-पिता, बहन और दादी को कुल्हाड़ी से काट डाला

**बहराइच.एजेंसी।** बहराइच के रूपईडीहा में जमीन की बिक्री से मिले पैसों के विवाद में एक युवक ने अपने ही माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने भाई पर भी जानलेवा हमला किया।

## खामेनेई की जलती तस्वीर से सिगरेट सुलगाती महिला ने मनाया जश्न




**सोमवार.एजेंसी।** ईरान के शीर्ष धर्मगुरु अली खामेनेई से जुड़ा एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें वही महिला नजर आ रही हैं, जो पहले खामेनेई की तस्वीर जलाकर उससे सिगरेट जलाने के कारण चर्चा में आई थी। अब वह उनकी मौत की खबर पर जश्न मनाती दिखाई दे रही हैं। वीडियो में महिला एक भीड़ के साथ चलते हुए गाना गाती दिखाई दे रही है। पोस्ट में उसने लिखा, 'मैंने कहा था ना कि हम तुम्हारी कब्र पर नाचेंगे?

## भारत के बाद अब अफगानियों ने फिर खोद दिया पाक का नूर खान बेस

**इस्लामाबाद.एजेंसी। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमले के बाद पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस की मरम्मत अभी चल ही रही थी कि अफगान तालिबान ने फिर हमला कर दिया। बेस की हालत अब बेहाल हो गई है।**

# कांग्रेसियों ने भाजपाइयों को भी बना दिया टेपा

## कांग्रेसी पहले ही बच निकले, जैन समाजजन हाथ आए तो उन्हें भी नहीं छोड़ा, दे दी उपाधि



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कांग्रेस नेता सुनील गोधा, दीपू यादव ने नेमिनाथ चौराहा मल्हारगंज पर संस्था एक पहल ने टेपा सम्मेलन का आयोजन किया। पहले किसी समय बड़ी तादाद में कांग्रेसी इस आयोजन में पहुंचते थे और टेपाश्री बनते थे। इस आयोजन में कांग्रेस के कुछ नेता चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, विनय बाकलीवाल पहुंचे जरूर, लेकिन वे टेपा बनने से चूक गए, यूं कहे कि वे जल्दी आए थे और अलग-अलग कारण बताकर निकल गए इसलिए वे टेपा नहीं बन पाए। हमेशा की तरह इस बार भी पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता और क्षेत्रीय विधायक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की ओर से अशोक चौहान चांदू मौजूद रहे और यह दोनों ही भाजपाई टेपा बनने में कांग्रेसियों के शिकार बन गए। सही मायने में आयोजन होली पर मौज मस्ती का ही था इसलिए किसी को भी इसमें भला-बुरा नहीं लगना था, इधर कांग्रेसियों की कमी को जैन समाजजनों ने पूरा कर दिया। खासतौर से जैन समाज के नवीन गोधा, महावीर जैन, कांतिलाल बम, अशोक मेहता, पवन पाटोदी को भी टेपा बनाया गया। पूर्व पार्षद पवन जैन और उनके बेटे पंकज जैन भी मौजूद रहे, लेकिन टेपा नहीं बने और टेपा बनते हुए लोगों को देखते रहे।

इधर महावीर जैन पहले कांग्रेस में थे अब भाजपा में हैं और जैन समाज में भी उनकी भूमिका रहती है। जो भी हो टेपाश्री के आयोजन में टेपा बनाकर उपाधियां दी गई। अतिथि वीरेन्द्र गुप्ता, सुभाष खंडेलवाल, नवीन गोधा, नितेश जैन, नारायण अग्रवाल, सरदालमल जैन सहित अन्य थे। बुलाया तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुमित मिश्रा को भी था। इन्होंने बाहर और व्यस्तता का हवाला देकर टेपाश्री की उपाधि में आकर्षक टाट की शॉल, झाडू की टोपी एवं सब्जियों के हार सहित कई आकर्षक वस्तुओं का उपयोग नहीं किया और टेपा नहीं बने। इधर टेपा उपाधि के बाद कवियों सरिता सरोज, विभा सिंह, गोविन्द शर्मा, राजेश लोटपोट, ब्रजकिशोर पटेल, अकबर ताज की बारी आई तो उन्होंने भी होली की अदा में अपनी प्रस्तुतियां दी और सबको हंसाया। सुनील गोधा, दीपू यादव, विजेन्द्रसिंह चौहान, पंकज जैन, सुरेश व्यास, आलोक जैन, दिनेश गोधा ने अतिथियों का स्वागत किया और टेपाश्री बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिक निभाई।



# भाजपा नेता हुए खंडवा सांसद के आयोजन में शामिल

**इंदौर सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पहले देवास जिले और फिर इंदौर जिले से भाजपा की राजनीति कर रहे सुनील पुरोहित का ध्यान अभी भी खंडवा और देवास संसदीय सीट के अलावा इंदौर पर भी लगा रहता है। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का बुरहानपुर में कार्यक्रम आयोजित हुआ वहां इंदौर से बुरहानपुर पहुंचकर उन्होंने शिरकत की। वहीं पूर्व सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहे नंदकुमारसिंह चौहान की पुण्यतिथि पर शाहपुर में आयोजित कार्यक्रम में भी सुनील पुरोहित ने शिरकत की। दोनों ही कार्यक्रम में मनोहर नायक, कांतिलाल पाटीदार, यश सैनी, सुदीप पाठक मौजूद रहे।

# भाजपाई मस्ती की बारात में आज शाम बाना और फाग यात्रा में निकलेंगे

### 70 फीट ऊंचाई तक मिसाइल से उड़ेगा गुलाल, झांकियां भी रहेगी शामिल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पूर्व पार्षद और वरिष्ठ भाजपा नेता जयदीप जैन अपनी संस्था मातृभूमि के बैनर तले आज शाम 6.30 बजे से मल्हारगंज से शाही रंगारंग बाना भाजपाइयों की मौजूदगी में उनकी बारात के रूप में निकालेंगे। बाना और फाग यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भाजपाइयों को निमंत्रण भेजा है। जयदीप का कहना है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सुमित मिश्रा, पुष्यमित्र भार्गव, मालिनी गौड़, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। 70 फीट ऊंचाई तक मिसाइल से गुलाल उड़ाई जाएगी। इस यात्रा में झांकियां भी रहेगी। झांकी में ट्रम्प और पुतिन के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी होली खेलते दिखेंगे। यह यात्रा 39वें वर्ष में निकाली जा रही है। द्वारका मंत्री फाग गीतों की प्रस्तुति देंगे। भगवान श्रीनाथजी रथ पर सवार होकर निकलेंगे। भारत माता और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा भी रहेगी, जोकर की टोली, आदिवासी का दल, डिस्को डांस ग्रुप, ढोल-नगाड़े, बैंड-डीजे और झांझ पार्टियां शामिल रहेंगी। जयदीप जैन, वीरेन्द्र गुप्ता, नवीन गोधा, पंकज मूंदड़ा, नितिन अग्रवाल, मुकेश गोयल, ललित निर्भान, बंटी बूब, पवन राठौड़, महेश जायसवाल, रामा भावसार, जीतू गोयल, सतीश मारू, रमाकांत गुप्ता, सूरज सोलंकी, कमल राठौर, राजेश गंगवाल, तुलसीराम राठौर, अमर गोयनका, कैलाश भावसार, प्रेम राठौर जिम्मेदारी निभाएंगे।

# विजयवर्गीय से विधानसभा में भिड़ने वाले सिंघार ने बजाया बड़ा ढोल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

गंधवानी के विधायक और विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार का मुद्दे पर राजनीतिक भिड़ंत विधानसभा में विगत दिनों हुई थी। विजयवर्गीय की बात पर जमकर सिंघार भी भिड़े थे और एक तरफ भाजपाई और दूसरी तरफ कांग्रेसी हो गए थे, वह एक राजनीतिक मुद्दा था। अब होली की मस्ती खासतौर से आदिवासी इलाकों में भगोरिया उत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी कैसे पीछे रहते वे भी होली की मस्ती में रंगकर सबके साथ रंगे रहे और बड़े



ढोल का पट्टा गले में डालकर गंधवानी के उत्सव में उमंग सिंघार भी शामिल हुए और जमकर ढोल बजाया व नृत्य भी किया। उल्लेखनीय है कि उमंग सिंघार का घर इंदौर और भोपाल में भी है।



## होम्योपैथी सस्ती और सुलभ-लालवानी

### राष्ट्रीय होम्योपैथी कांफ्रेंस में चिकित्सकों ने लिया भाग

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एएएस राष्ट्रीय होम्योपैथी कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें देशभर से आए होम्योपैथी विशेषज्ञों ने भाग लिया। ए.के. द्विवेदी ने बताया कि अप्लास्टिक एनीमिया जैसे गम्भीर रोगों के सफल उपचार कैसे सम्भव है। इसके अलावा अन्य विशेषज्ञों ने भी अलग-अलग बीमारियों और संक्रमणों को लेकर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी भी शामिल हुए। उन्होने कहा कि होम्योपैथी सस्ती, सुलभ और दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा पद्धति है जो आमजनों के लिए उपयोगी है। उन्होने कहा कि भारत की स्वास्थ्य जीवन रेखा बनने की क्षमता होम्योपैथी में है। लोकसभा में इस विषय को प्रमुखता से उठाने का भी लालवानी ने आश्वासन दिया।

# राजीव केन्द्र में बढ़ेगा पदाधिकारियों का कुनबा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि संगठन के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रदेश भर के सभी जिला और शहर अध्यक्षों की घोषणा और लोकसभा अध्यक्ष के अलावा संभाग अध्यक्ष भी केन्द्र में बनाए जाएंगे। ज्यादा से ज्यादा जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए कोशिश की जाएगी। इन पदाधिकारियों के माध्यम से केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के अलावा स्थानीय भाजपा की निकाय सरकार में भी धरना, प्रदर्शन और आन्दोलन करवाए जाएंगे। साथ में 50 से अधिक प्रकोष्ठ में भी एक नेता को जवाबदारी देकर उसकी भी इकाई बनाई जाएगी। प्रदेश और स्थानीय शहर-जिला कांग्रेस अध्यक्षों के निर्देश पर उन्हीं के अंडर में केन्द्र के पदाधिकारी काम करेंगे।

# सांसद ने किया बजट पर संवाद

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सांसद शंकर लालवानी ने उद्योगपति, महिला उद्यमियों के साथ एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज म.प्र. उद्योग भवन सभागृह में केन्द्रीय बजट पर चर्चा की। उन्होने उद्योग जगत के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास और प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। योगेश मेहता ने कहा कि बजट में उद्योगों को विशेषकर एमएसएमई क्षेत्र, कृषि, अधोसरंचना विकास, महिलाओं के लिए बजट प्रावधान, तकनीकी विकास आदि जैसे सभी क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रीत किया है और बजट योजनाओं के अनुसार तैयार किया गया




है जिससे की देश का समग्र एवं समावेशी विकास हो सके और आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। इस दौरान प्रकाश जैन, हरीश भाटिया, ओम धूत, अनिल पालीवाल, अमित धाकड, हेमेन्द्र बोकाडिया, मोहनसिंग रघुवंशी, सी एस जैन, रूचिल डोसी, दीपक सुराणा, प्रभु सक्सेरिया, राजेश मिश्रा, जे पी नागपाल, सुरेन्द्र देवरा, जतिन दीवान, विजय राठौर, सुनीता जैन, रूपाली जागीरदार, भारती सोनी मौजूद थे।





# आज रात होगा होलिका दहन

## शाम से रात तक होगा पूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज होली है और आज गली-गली में होलिका सजाई जाएगी और होली का दहन भी अलग-अलग समय में किया जाएगा। पंडितों ने इसके लिए मुहूर्त भी निकाले हैं। कई जगह कंडों की होली सजाई जा रही है। आज कंडों की होली के लिए कंडों का विक्रय किया जा रहा है। वहीं लकड़ी मंडी से लकड़ी भी खरीदी जा रही है। होली में लगाने के लिए घास की पिंडियां भी ली जा रही है। कुल मिलाकर आज हिन्दू समाज का एक और बड़ा पर्व मनाने की तैयारी की जा रही है। आज रात होलिका दहन होगा, लेकिन धुलेंडी 4 मार्च को मनाई जाएगी।

### ग्रहण के कारण परेशानी

इस बार चन्द्र ग्रहण को लेकर ज्योतिष और पंडित ने अपने अलग-अलग मत दिए। कल चन्द्र ग्रहण के दौरान होलिका का दहन ना हो इसके लिए आज ही होलिका का दहन किया जा रहा है, ऐसा माना जा रहा है कि दोपहर के बाद पूर्णिमा लगेगी और जब रात को होलिका का दहन किया जाएगा, तब पूर्णिमा पूर्ण रूप से होगी। लोगों का कहना है कि हम पहली बार ऐसा देख रहे हैं कि होली और धुलेंडी में बीच का एक दिन का गेप रहेगा। कुछ पंडितों का मानना है कि कल 3 मार्च को होली विशेष मुहूर्त में जलाई जा सकती है, जो भी हो अधिकतर होलिका का दहन आज शाम से रात तक होता रहेगा। यह हिन्दू समाज का दिवाली, राखी के अलावा होली का बड़ा पर्व माना जाता है।







### जगह-जगह कंडा-घास की दुकाने लगी

आज हर क्षेत्रों में जगह-जगह होलिका दहन के लिए कंडा, लकड़ी, उंबी की दुकानें लग गई है। कंडा के साथ छोटे कंडे की मालाएं भी मिल रही है। कई जगह घास की दुकानें भी लगी है। ज्यादातर जगह होली आज जलाई जाएगी, कुछ कल भी जलाएंगे। वहीं होली के रंग और पिचकारी से लेकर होली के लिए टी-शर्ट की दुकानें भी लग चुकी है, कुल मिलाकर होली पर्व की महक जमकर आने लगी है।

### भांग की दुकानें भी सजी

हर बार होलिका दहन के दिन शाम से लेकर दूसरे दिन होली और उधर रंगपंचमी तक जमकर लोग भांग का रगड़ा लगाते हैं, अब होली दो दिन जल रही है और तीन दिवसीय होली जलने से लेकर खेलने तक का पर्व आज से शुरू हो चुका है। इधर भांग की दुकानें भी सज गई है। आज कई भांग दुकानें बाहर तक सजीधजी और निकली हुई दिखाई दी। आज से बगीचियों में भी पत्ती निकालकर रगड़ा लगाने का काम शुरू हो चुका है।

# अवैध कालोनाइजर को मिल रहा है संरक्षण -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने स्वयं स्वीकार किया कि मप्र में अवैध कालोनियों की संख्या हजारों में है। कैग रिपोर्ट ने सरकार का चेहरा और नीति पर सवाल खड़े किए तो सवाल मप्र में भाजपा सरकार 2003से अभी तक है, फिर हजारों की संख्या में अवैध कालोनियों का निर्माण कैसे हुआ, होता आ रहा। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि अवैध कालोनी के नियमितीकरण के नियमों में लगातार बदलाव किया जाता रहा और प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में अवैध कालोनियों का निर्माण होता आ रहा है। द्विवेदी ने सीधे सीधे सवाल उठाया कि इंदौर में 29 गांवो को 2013 में गजट नोटिफिकेशन जारी करके इंदौर नगरनिगम सीमा में शामिल किया, तब ही सवाल कांग्रेस ने उठाया था कि मप्र सरकार की नीति अस्पष्ट है और इसके कारण 29 गांवो की वे कालोनियां जो अभी वैध है वे नगरनिगम सीमा में जाने पर वैध कैसे रहेगी अगर अवैध घोषित किया गया तो आम नागरिकों का अपराध क्या, कालोनाइजरों पर कार्यवाही क्या होगी आपत्ति भी लगाई गई, परंतु अधिकारियों एवं सरकार ने जबाब नहीं दिया फलस्वरूप सैकड़ों कालोनियों को शामिल तो किया परंतु अवैध का कलंक लगा दिया। द्विवेदी ने कहा कि अवैध कालोनियों में धड़ल्ले से भव्य और व्यवसायिक निर्माण कैसे चल रहे। अवैध कालोनाइजरों खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। रहवासी रह रहे हैं और उन्हें अवैध कालोनी का तमगा कलंक के रूप में मिला हुआ है, पूरा टैक्स भी दे रहे हैं, लेकिन अवैध कालोनी होने से नामांतरण नहीं हो रहे हैं। प्रश्न यही उठता है कि अवैध कालोनी का निर्माण कैसे हो रहा है और हो रहा है तो शासन या अधिकारियों का संरक्षण चल रहा है। इस मामले में कांग्रेस कई कालोनियों का खुलासा भी जल्द करेगी।



## पटवारी बने भगोरिया में ढोलची

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी भगोरिया पर्व पर झाबुआ पहुंचे। पूर्व मंत्री कांतिलाल भूरिया एवं विक्रांत भूरिया के बुलावे पर पटवारी भगोरिया पर्व में शामिल हुए। गले में ढोल लटकाकर काफी देर तक ढोलची बनकर पटवारी ने ढोल बजाया। भूरिया पिता-पुत्र ने भी भगोरिया का पूरा लुत्फ लिया।



## विधायक के पास पहुंचे मंडल प्रभारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला भाजपा ने शहर के लगने वाले सभी साढ़े 5 विधानसभाओं के मंडल के प्रभारी बनाए थे। अब यह मंडल प्रभारी विधानसभा 5 के विधायक महेन्द्र हार्डिया से जाकर मिले। हार्डिया ने भी सभी मंडल पदाधिकारियों को बधाई दी।

## सीएम को कैबिनेट सहित गेर में आने का महापौर ने दिया निमंत्रण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहर की पारम्परिक गेर में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ पूरी कैबिनेट को निमंत्रण दिया है। महापौर ने बताया कि उम्मीद है कि मुख्यमंत्री कैबिनेट के साथ इस गेर में शामिल होंगे। धुलेंडी और रंगपंचमी को लेकर नगर निगम ने तैयारियां पूरी कर ली है। धुलेण्डी और रंगपंचमी पर पानी की विशेष सप्लाय भी दी जाएगी।

# विधायक बोले-आप चिंता ना करें मोदीजी सभी को सकुशल लाएंगे

### संजय शुक्ला के दुबई से जारी हुए वीडियो पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दुबई में इन्दौर सहित प्रदेश के कई लोग फंसे हुए है। 28 फरवरी से कैंसल हुई फ्लाइट आज भी नहीं उड़ी है। इधर कल जब पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने एक वीडियो जारी कर नरेन्द्र मोदी और अमित शाह से भारत आने की व्यवस्था को लेकर गुहार लगाई तो इन्दौर के एक विधायक ने कहा आप चिंता ना करें। विधायक मनोज पटेल ने पूर्व विधायक संजय शुक्ला द्वारा दुबई से जारी किया गया वीडियो पोस्ट पर कहा कि आप लोग चिंता ना करें मोदीजी आप सभी को सकुशल भारत लाएंगे। उल्लेखनीय है कि संजय शुक्ला, विशाल पटेल सहित शहर के कई बड़े उद्योगपति दुबई में फंसे हुए है। इधर सांसद शंकर लालवानी ने इन्दौर के 23 लोगों की सूची विदेश मंत्रालय को भेजी है और उन्हें वापस लाने के लिए उचित व्यवस्था के लिए बात की है। दूसरी ओर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी सक्रिय है, उन्होंने भी दिल्ली में विभिन्न मंत्रालयों से सम्पर्क कर इन्दौर के दुबई में फंसे लोगों को वापस लाने की बात की है।

### कई यात्रियों के टूर निरस्त.

युद्ध के कारण दुबई जाने वाले यात्रियों ने अपने टूर निरस्त कर दिए है। कई लोगों ने होली-रंगपंचमी के बीच आने वाली छुट्टियों का उपयोग करते हुए टिकिट करवाए थे। जिन्हें अब कैंसल करवा लिया है। ट्रेवल एजेंसियों को भी इससे नुकसान हो रहा है।

## मुख्यमंत्री इन्दौर आकर बड़वानी कैबिनेट में शामिल होंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बड़वानी जिले के ग्राम नागलवाडी में होने वाली कृषि कैबिनेट में शामिल होंगे। वे भोपाल से इन्दौर विमानतल पहुंचेंगे, जिसके बाद विमानतल से नागलवाडी के लिए हैलीपेड से रवाना होंगे। इन्दौर के दो मंत्री सहित प्रदेश के अन्य मंत्री भी कैबिनेट बैठक में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कृषक कल्याण वर्ष में जनजातीय बहुल ग्राम में कृषि कैबिनेट अनूठी पहल है। नागलवाडी कैबिनेट बैठक में सरकार किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेंगी। कैबिनेट स्थल को निमाड के लोक रंग में तैयार किया गया है। नागलवाडी मंदिर शिखर के नीचे पार्क में डोम को निमाड के घरों की शैली के अनुरूप संजाया गया है।

# भागीरथपुरा जैसी घटना नहीं हो इसलिए 85 वार्ड में 85 इंजीनियर तैनात

## एक वार्ड एक इंजीनियर के हवाले, सारी व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालनी होगी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जोन स्तर पर इंजीनियरों से संबंधित व्यवस्था में ऐतिहासिक फेर बदल किया है। नगर निगम में अब प्रत्येक वार्ड एक इंजीनियर के हवाले किया गया है। पुरानी व्यवस्था के तहत एक इंजीनियर को दो से तीन वार्ड की व्यवस्थाएं संभालनी होती थी जिसके कारण सड़क पानी ड्रेनेज सहित अन्य सेवाओं में लापरवाही की गुंजाइश बनी रहती थी और काम समय पर पूरे नहीं होते थे। इस परिवर्तन का मूल उद्देश्य इंदौर में भागीरथपुरा जैसी घटना दोबारा नहीं हो। निगम आयुक्त ने इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए इंजीनियरों पर काम का दबाव कम करने और एक वार्ड की सेवाएं सुचारू रूप से चले इस पर फोकस करने रखा है।

नई व्यवस्था से नगर निगम के इंजीनियर भी संतुष्ट हैं क्योंकि उन पर काम का दबाव कम होने के साथ ही 2 से 3 ज़ोन की जिम्मेदारी कम हो चुकी है। इंजीनियरों के लिए फील्ड में समय निकालना चुनौती पूर्ण था क्योंकि पार्षद उन्हें लगातार अपनी मीटिंग में बिठा रखते थे। स्वतंत्र रूप से उन्हें काम करने का मौका नहीं मिल रहा था। निगम के इंजीनियर ने बताया कि नई व्यवस्था से हम संतुष्ट हैं जिससे हम परिणाम मूलक काम करने में फोकस कर सकेंगे, पुरानी व्यवस्था में बड़ी पेचीदगियां थी।

**पुरानी व्यवस्था के तहत संभालने होते थे दो से तीन वार्ड इसीलिए होती थी लापरवाही**

### निगम आयुक्त का पहला प्रयोग

निगम आयुक्त सिंघल ने अब प्रत्येक वार्ड का एक इंजीनियर नियुक्त कर दिया है। यह इंजीनियर सिविल, ड्रेनेज सफाई, नर्मदा जल सप्लाई सहित सभी व्यवस्थाएं की मॉनिटरिंग एवं समय पर काम गुणवत्ता पूर्ण किए जाएं इसकी जिम्मेदारी इन पर होगी। निगम आयुक्त सिंघल ने बताया कि पुरानी व्यवस्था में एक वार्ड पर तीन इंजीनियर नियुक्त थे जिसमें जल सप्लाई जानकारी और ड्रेनेज के काम को अलग-अलग इंजीनियर मॉनिटर करते थे इसके बावजूद भी कई काम समय पर पूर्ण नहीं होते थे और लापरवाही बनी रहती थी इसके अलावा इन इंजीनियरों पर अलग-अलग वार्ड में भ्रमण की जिम्मेदारी होती थी। वार्ड का दायरा बड़ा होने के कारण समय पर मॉनिटरिंग नहीं होने से कई काम में खामियां निकलती थी। पीएचई इंजीनियरों को वाटर सप्लाई के दौरान गली मोहल्ले में भ्रमण करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन इंजीनियर समय पर नहीं पहुंचते थे।। यही कारण है की व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए अब इंजीनियरों की मॉनिटरिंग का दायरा केवल एक वार्ड किया गया है, ताकि वह हर गतिविधि पर निगाह रखें और सही मॉनिटरिंग करके लोगों की समस्याएं निराकरण तेजी गति करें।

### गंदा पानी और लीकेज पर फोकस

निगम आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी इंजीनियर वाटर सप्लाई पर विशेष ध्यान दें। गंदे पानी की शिकायत आने पर तत्काल कार्रवाई की जाए, लाइनों के लीकेज की मॉनिटरिंग हर दिन करें। इसके अलावा एक वार्ड में चलने वाले डेवलपमेंट के काम पर भी इंजीनियर निगरानी रखें। ठेकेदारों से सतत संपर्क में रहकर गुणवत्तापूर्ण काम को अंजाम दें। सभी इंजीनियरों को ऑनलाइन प्रति दिन रिपोर्ट सबमिट करनी है। निगम आयुक्त ने कहा कि मॉनिटरिंग व्यवस्था को सरल बनाने के लिए यह बदलाव किया गया है यदि इसके बावजूद भी इंजीनियर सही और परिणाम मूलक काम नहीं करेंगे तो तत्काल वार्ड से हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# गौ काष्ठ से जलाओ होली, निगम करेगा सम्मान

### पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ मनेगा त्यौहार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**होली के त्यौहार के मौके पर होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गौ काष्ठ का उपयोग करने की अपील की गई है। जो संस्थाएं ऐसा करेगी उनका नगर निगम के द्वारा सम्मान किया जाएगा।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि राज्य शासन द्वारा इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ आने वाले होली के पावन पर्व को मनाए जाने पर नागरिकों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से यह प्रयास किया जाए कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ का प्रयोग करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और पानी बचाने के लिए प्राकृतिक व हर्बल रंगों से होली खेलने के साथ होली का उत्सव मनाने लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

शासन के निर्देशानुसार इंदौर शहर में होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ का प्रयोग करने वाले संगठनों का संबंधित जोन के जोनल कार्यालय पर निशुल्क पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के समय आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी जैसे पदाधिकारी संपर्क नंबर, होलिका दहन स्थल, इत्यादि आदि प्राप्त किया जाएगा। जो संगठन इस तरह से होलिका दहन करेंगे उनका आने वाले दिनों में राज्य शासन के निर्देशानुसार सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें ऐसी सभी संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारी को मुख्यमंत्री की ओर से तैयार किया गया पर्यावरण संरक्षण संबंधित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# जनसंवाद में महापौर ने की वाटर हार्वेस्टिंग की अपील



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नागरिकों से अपील की है कि वह वाटर हार्वेस्टिंग अपना कर बारिश के पानी को जमीन के अंदर पहुंचाने में अपना योगदान दें। इसके साथ ही सोलर पैनल लगाकर ऊर्जा की बचत में भी सहभागी बने।**

वे सोमवार को विधानसभा राऊ क्षेत्र की बसंतपुरी कॉलोनी पहुँचे, जहाँ उन्होंने स्थानीय रहवासियों से जनसंवाद कर क्षेत्र की विकास जरूरतों पर चर्चा की। रहवासियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा क्षेत्र में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता सहित अनेक विकास कार्य पिछले समय में पूरे किए गए हैं। इस पर महापौर ने कहा कि नगर निगम अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, लेकिन सतत विकास तभी संभव है जब नागरिक भी जिम्मेदार भूमिका निभाएँ।

महापौर ने कॉलोनीवासियों से अपील की कि वे अपने घरों में सोलर पैनल और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाएँ। शहर को ऊर्जा सक्षम और पर्यावरण मित्र बनाने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। आने वाले वर्षों में इंदौर को ग्रीन सिटी मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए घर-घर में सौर ऊर्जा उपयोग बढ़ाना सबसे महत्वपूर्ण कदम है। महापौर ने बताया कि नगर निगम पहले से ही 2045 तक शहर की पानी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत जल–प्रबंधन योजना पर काम कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि गर्मियों में पानी अनावश्यक अपव्यय रोकें और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

# अप्रैल में इंदौर आएंगे गडकरी

### मोरटक्का ब्रिज का भी होगा लोकार्पण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अप्रैल के दूसरे सप्ताह में इंदौर आएंगे। इस यात्रा के दौरान वे एक तरफ जहां इंदौर शहर में एक व्याख्यान माला में भाग लेंगे तो वहीं दूसरी तरफ मोरटक्का ब्रिज का लोकार्पण भी करेंगे।

यह जानकारी गडकरी ने कल उनसे मिलने गए इंदौर के एक प्रतिनिधि मंडल को दी। इंजीनियर अतुल सेठ अपने साथियों के साथ गडकरी को इंदौर में व्याख्यान माला के लिए निमंत्रित करने गए थे। या व्याख्यानमाला अप्रैल के दूसरे सप्ताह में आयोजित की जाती है। व्याख्यानमाला में अतिथि के रूप में आकर व्याख्यान देने के लिए गडकरी को निमंत्रित किया गया। गडकरी ने इस निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान ही मोरटक्का में निर्मित किए गए नए ब्रिज का लोकार्पण भी कर दिया जाएगा।

एलिवेटेड कॉरिडोर की शिकायत इस दौरान इस प्रतिनिधि मंडल के साथ गडकरी ने इंदौर के विकास को लेकर चल रहे कामों पर चर्चा भी की। इस चर्चा में उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा किए जा रहे हैं कामों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस प्रतिनिधि मंडल ने राज्य सरकार के द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से बीआरटीएस कॉरिडोर वाले रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने के लिए जो पहल हुई है उसकी जानकारी गडकरी को दी। इस दल का कहना था कि इस एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण गलत किया जा रहा है। इस कॉरिडोर के बन जाने से पूरे सड़क का सत्यानाश हो जाएगा। गडकरी ने इस टीम की बात को सुना और कहा कि इस बारे में आप राज्य सरकार से बात कीजिए।

# साईं बाबा के जयकारों के साथ प्रभातफेरी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री केंद्रीय साईं सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आज से 26 मार्च तक परंपरागत 24 प्रभातफेरियां निकाली जानी है उसी कड़ी में आज पहली प्रभातफेरी छावनी पारसी मोहल्ला से निकाली गई। साईं बाबा पूजन के बाद निकली प्रभातफेरी में बाबा के जयकारे भी लगे। जगमोहन वर्मा, टंटू शर्मा, समीर जोशी, सुनील भरतरी, मुकेश कराडीया, संतोष भुसारी, किशोर दौरकर, अशोक गायकवाड, ज्ञानेश्वर होलकर मौजूद थे।

# सीमेंटीकरण पर कर दिया डामरीकरण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के वार्ड 59 निहालपुरा गली नं. 5 में ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डाली गई थी। इसके लिए सीमेंटीकरण का कार्य भी स्वीकृत हुआ था, ठेकेदार भी तय हो गया था। रामलक्ष्मण बाजार में भी लाइन के बाद चौड़ीकरण में सीमेंटीकरण हुआ था इसलिए वहां का रास्ता बंद था। निहालपुरा गली नं. 5 का सीमेंटीकरण कार्य होने के बजाए वहां डामरीकरण कर दिया और जनता के कर के पैसे का पलेथन लगा दिया, ऐसा व्यापारी और रहवासी बोल रहे हैं।



# धर्मगुरुओं का किया सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सर्वधर्म संघ के मंजूर बेग ने प्रिंस यशवंत रोड पर मस्जिदों के इमाम, हाफीजों एवं अंतिम संस्कार की समाजसेवा करने वाले लोगों का सम्मान किया। उन्होंने साफा और माला पहनाकर शहर क़ाज़ी डॉ. इशरत अली, संत अरूणानंद महाराज, वर्धानंद महाराज सहित अन्य का सम्मान किया। नदीम रजवी, फजल अहमद रजवी, जमीर मोहम्मद अंजार, आलम अब्दुल रहमान, मोईनुद्दीन हसन, मोहम्मद सलमान, अब्दुल शकूर,मोहम्मद सरफराज, अंजार आलम,मोहम्मद इदरीश, मुख्तार मुफ्ती शमीम, मोहम्मद जाकिर का सम्मान किया गया। इस दौरान मंजूर बेग, रियाज खान, करीम पठान, वारसी बाबा, जाकिर खान, अकबर काजी, धर्मेन्द्र पैमाल, एजाज कुरैशी, इरशाद शाह, गोलू शेख, सरफराज खान, फैजान बेग, समीर बेग, हकीम बाबा, मुकेश बजाज, जुनैद खान मौजूद थे।

# सीताश्री में शाम को होगा होलिका दहन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विमानतल रोड स्थित सीताश्री रेसीडेंसी के रहवासियों द्वारा शाम 7.30 बजे होलिका दहन किया जाएगा।

# माहेश्वरी संयोगितागंज क्षेत्र का दो दिवसीय उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )** ।माहेश्वरी समाज संयोगितागंज क्षेत्र द्वारा 7 एवं 8 मार्च को दो दिवसीय रंगपंचमी उत्सव मनाया जाएगा। गोपाल लाहोटी और पंकज काबरा ने बताया कि 7 मार्च को भजन गायक शिव मीणा द्वारा फाग गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी वहीं 8 मार्च को माहेश्वरी भवन संयोगितागंज में पारिवारिक उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम से विजय चंडक, यश मूंदडा, छाया भैया, आरती काबरा जुड़े है।

# श्याम भक्तों में चढ़ा फागुन का रंग



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अम्बिकापुरी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर तीन दिवसीय फाग महोत्सव का समापन ज्योत स्थापना एवं फाग गीतों के साथ हुआ। गोपालदास महाराज ने बताया कि श्याम प्रेमियों ने उत्सव में आनंद लिया। फाग गीतों पर प्रेमियों में ऐसा रंग चढ़ा कि वे धार्मिक रुप से नृत्य करते नजर आए। रंग पंचमी पर 8 मार्च को मंदिर से सुबह 10 बजे फाग यात्रा निकाली जाएगी जो 60 फीट रोड़, आराधना नगर, अशोक नगर होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी।

# आनंदवन-2 के रहवासी फाग गीतों पर झूमे



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कीम नंबर 140 स्थित आनंदवन-2 के रहवासियों द्वारा गठित म्यूजिकल ग्रुप 'सप्त स्वर आनंदम' के तत्वावधान में क्लब हाउस में संगीत निशा एवं फाग उत्सव का आयोजन किया गया। फाग गीतों पर जमकर झूमे। इस अवसर पर डॉ. श्याम वीर यादव, डॉ. योगेश पांवड़े, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, आभा अरोरा, मालती सिंह, प्रतिभा यादव, लावन्या यादव, ज्योति चौधरी, तारकेश्वर सिंह, डॉ. सौरभ दुबे, आर.ए. यादव, स्वदेश दुबे, प्रवीण भागवत, रवि यादव, केके अरोरा मौजूद थे।



# तुलसी नगर में मना फाग उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तुलसी नगर अनंतेश्वर महादेव मंदिर पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस्कान टेम्पल की भजन मंडली ने फाग गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान श्रद्धालु ने धार्मिक रूप से नृत्य भी किया।

# महाराजा होल्कर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म.प्र. सफाई कर्मचारी संघ, भारतीय मजूदर संघ द्वारा महाराजा



यशवंत राव होल्कर की कृष्णपुरा छत्री स्थित प्रतिमा पर अभिषेक कर माल्यार्पण किया गया। उक्त जानकारी ईश्वरलाल विश्नार ने दी।

# एमपी बैंक आफिसर संगठन का अधिवेशन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अभिनव समाज सभागृह में एमपी बैंक आफिसर के संगठन का अधिवेशन आयोजित किया गया। डॉ. सुराजीत मजूमदार ने कहा कि भूमंडलीकरण की प्रक्रिया से पूरे विश्व में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इस प्रक्रिया हालत में जो बदलाव हुआ है उसके चलते हुए भारत भी अपने हितों को सुरक्षित नहीं रख सकेगा। बावजूद इसके वैश्विक आर्थिक संकट के दौर में भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की बैंक व्यवस्था ने देश की अर्थव्यवस्था को बचाए रखा। वीके शर्मा ने कहा कि विगत दिनों देश के 25 करोड़ कर्मचारियों, मजदूरों की हड़ताल विश्व की सबसे बड़ी



हड़ताल थी। सार्वजनिक क्षेत्र को बचाने के लिए और अधिक संघर्ष की जरूरत है। इस अवसर पर शिवशंकर मौर्य, राजीव तामणे, अरविन्द पोरवाल, एम.के. शुक्ला, एस आयंगर, सुरेश उपाध्याय, श्यामसुंदर यादव, गुरमीत सिंह, राजीव महाने, कृष्णा ठारुरठाकर, परमानंद काक, लोकेश यादव, संजय खरे, बी एस रावत, राहुल सोनी, संजय अहिरवार, भगवान कुशवाहा, पुष्पेंद्र शंकर, विशाल जैन, राहुल गुप्ता, अश्विन शर्मा, हिमांशु शेखर, जसविंदर चहल, रमेश सिंह, लोकेश यादव, आशीष खरे, संजय खरे मौजूद थे।

# मां अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म.प्र. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार द्वारा राजबाड़ा स्थित मां अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सदस्यों ने राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान भी गाया। इस अवसर पर दिलीप राजपाल, अजयनारायण सीतलानी, विकास जोशी, किशोर राय, प्रकाश व्यास, सुनील अग्रवाल, महेश शर्मा, बाबूलाल मौर्य, सुनील सोलंकी, सुनील अग्रवाल मौजूद थे।



# पद्मावती वेंकटेश देव स्थान पर श्रद्धालुओं ने किया कीर्तन पर नृत्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी में होली उत्सव के अन्तर्गत फागुन की मस्ती भगवान के समक्ष श्रद्धालुओं के लिए आयोजित की गई। श्रद्धालुओं ने जमकर फूलों की होली खेली और भगवान पर भी फूलों की वर्षा की। गायक हरिकिशन साबू के भजनों पर नृत्य भी किया गया। मनोहर सोनी, राम हुरकट, दिनेश अग्रवाल, नितिन तापड़िया, भगवानदास हेड़ा, मोहित कश्यप, प्रदीप साबू, अनुराग तिवारी, राजेंद्र मंत्री, दिनेश शारदा, विक्की साबू, सरला हेड़ा, पदमा सोनी सहित अन्य भगवान के फाग महोत्सव, आरती में मौजूद रहे। गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया।

# प्रापर्टी ब्रोकर्स एसोसिएशन ने किया आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर रियल इस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फाग उत्सव का आयोजन किया। एसोसिएशन के सदस्य परिवार के साथ मौजूद रहे। अतिथि के रूप में कई राजनेताओं, सामाजिक पदाधिकारियों, नरेन्द्र जैन, पीयुष वाजपेयी, प्रकाश राठी, सत्यनारायण प्रजापति, प्रमोद द्विवेदी, कपिल शर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता, दीपक जैन, धर्मपाल साहू, मुन्ना साहू, राजेश संचेती, लक्ष्मण मौर्य, अभय बागरेचा, सदाशिव कौतूक, मुरलीधर धामानी, अनिल शर्मा, सचिन जैन, अशोक रूपावत, तपन जैन, अभय जैन, अजय व्यास, रूपेश दवे, केशव देवकते, कपिल बंसल, दिनेश गुप्ता, तेजकुमार पाटोदी मौजूद थे।






# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों को मिली गिफ्ट में गुलाल



## आपस में बड़ा पर्व भी मनाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में बड़ा होली का पर्व विद्यार्थियों ने आपस में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया। गुलाल उड़ाई गई। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने बताया कि इन विद्यार्थियों को होली का तोहफा गिफ्ट के रूप में गुलाल के साथ दिया गया,



जिससे घर पर जाकर भी बड़ो को यह गुलाल लगा सके। सतरंगी गुलाल बड़े हॉल में उड़ाई गई और विद्यार्थी इस परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर गुलाल से होली खेलते रहे।



# मंगलमूर्ति रहवासी संघ ने की बैठक कल रात करेंगे होलिका पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंगलमूर्ति नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने बताया कि कल 3 मार्च की रात 8 बजे होलिका का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे और 4 मार्च को रहवासी संघ द्वारा धुलेंडी पर आपस में इस बड़े पर्व पर होली खेली जाएगी। ठंडाई और नाश्ता का आयोजन भी किया गया है। श्रवण वर्मा, आशीष पाटीदार, पूजा खण्डेलवाल, जयदीप मांजरेकर, हेमन्त तोमर, बापूलाल पाटिल, दिनेश परदेसी, विमल पाटिल, डॉ. मनोज मिश्रा, विनित खण्डेलवाल, प्रमोद गुप्ता बैठक में मौजूद थे और आयोजन से भी जुड़े हुए हैं।

# कुमावत समाज के सम्मेलन में जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** क्षत्रिय कुमावत समाज ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। देशभर से समाजजन शामिल हुए। कई रिश्तों पर बात भी चली। सम्मेलन में कुमावत समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र जांगड़े को निर्विरोध मनोनीत किया गया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, नानूराम कुमावत, काशीराम मुकाती अतिथि थे।

## अभिभाषक संघ का मिलन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अभिभाषक संघ ने होली मिलन और महोत्सव का आयोजन पारिवारिक रूप से 6 मार्च शाम 4 बजे से न्यायालय परिसर में किया जाएगा। पारम्परिक रूप से यह बड़ा त्योहार मनाया जाएगा।

## कपड़ा मार्केट में बुधवार को अवकाश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव क्लॉथ मार्केट में धुलंडी का अवकाश पहले 3 मार्च को घोषित किया गया था। लेकिन अब अवकाश 4 मार्च को घोषित किया गया।उक्त जानकारी अरुण बाकलीवाल ने दी।



# सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने उड़ाई सतरंगी गुलाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार के प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि इस बड़े पर्व पर विद्यार्थियों को होली का महत्व समझाया गया और उन्हें होली की गिफ्ट गुलाल के साथ दी गई और विद्यार्थियों में आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिए आपस में सतरंगी गुलाल भी विद्यार्थयों ने आपस में उड़ाई, पर्व पर शुभकामनाएं भी दी। आज होली जलाई जा रही है और कल 3 व धुलेंदी के दिन 4 मार्च को स्कूल में छुट्टी रहेगी, इसलिए आज होली पर्व का महत्व विद्यार्थियों के बीत सतरंगी गुलाल के साथ दिखा।





# जिनालय में चढ़ाया अर्घ्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तुलसी नगर जिनालय स्कीम नं. 78 में अनुष्ठान सिद्धचक्र विधान में अर्घ्य चढ़ाए गए। विनय बाकलीवाल, जैनेश झांझरी, पार्षद राजीव जैन, डीके जैन, मनोज बाकलीवाल, सौरभ पाटोदी सहित अन्य मौजूद थे।

# बच्चे पहुंचे सांवरिया सेठ मंदिर दरबार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उन्मुक्त आनन्द आश्रम से जुड़े विद्यार्थियों के लिए सांवरिया सेठ दर्शन का आयोजन किया गया। सांवरिया सेठ के अलावा भी राजस्थान के कई मंदिरों के दर्शन किए। उक्त जानकारी सोम्या जैन तिलगोता ने दी।



# सिंधी समाजजन रहे विमोचन में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिंधु मेडिकल एसोसिएसन ने सिंधी समाजजनों की मौजूदगी में सिंधु दर्पण पत्रिका विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में किया गया। अतिथि डॉ. बीएम शरणागत, राजेन्द्र सचदेव, थे। डॉ. जयकुमार परियानी, डॉ. के राय सिंघानी, मनीष बजाज, राजकुमार लालवानी, दीपचंद चावला, सच्चानंद वाधवानी मौजूद थे। डॉ. दिलीप भावनानी, दिलीप लालवानी, नारी लछवानी, अभय आहूजा, डॉ. अर्जुन बदलनी, डॉ. विजय परियानी, डॉ. राजेंद्र पंजाबी, डॉ. नारी मसंद, डॉ. एच वाधवानी का सेवाकार्य पर सम्मान किया गया।



# प्रॉस्पेरिटी कोड एक्टिवेशन वर्कशॉप एवं अवॉर्ड शो




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बिजनेस न्यूमरोलॉजी क़े अन्तर्गत प्रॉस्पेरिटी कोड एक्टिवेशन वर्कशॉप एवं अवॉर्ड शो का आयोजन होटल में किया गया। यह सेमिनार बिजनेस ग्रोथ, रणनीतिक सोच और न्यूमरोलॉजी आधारित निर्णय क्षमता को समझने का एक रियलिटी-चेंजिंग बिज़नेस एक्सपीरियंस साबित हुआ। बाहर के शहरों से भी उद्यमी, स्टार्टअप फाउंडर्स, प्रोफेशनल्स और ब्रांड प्रतिनिधि शामिल हुए। आगे के लिए रणनीति भी बनाई गई। कई उद्यमी और प्रोफेशनल सम्मानित भी हुए। अलग-अलग अवार्ड दिए गए। सीए स्वप्निल कोठारी, डॉ. बनवारीलाल जाजोदिया, मालासिंह ठाकुर, राजकुमार विष्णोई, सुनीता पाटीदार, डॉ, शिल्पा बागरेचा ने अपनी भूमिका निभाई।



# महर्षि दधीचि सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महर्षि दधीचि देहदान अंगदान समिति ने 21 देहदानी और तीन अंगदानी परिवारों को 'महर्षि दधीचि सम्मान' से सम्मानित किया। शीला सतीश करोले का भी सम्मान हुआ।**

# खजराना गणेश मंदिर में अब शुरू होंगे मास्टर प्लान के हिसाब से काम



## मुख्य मंदिर के कायाकल्प के साथ दर्शन व्यवस्था में होगा बड़ा सुधार

## गणेश चतुर्थी से पहले मिलेगी परिसर में आधुनिक सुविधा केंद्र की सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। खजराना गणेश मंदिर में अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द मंदिर के लिए तैयार मास्टर प्लान के हिसाब से विकास कार्य शुरू होंगे जिसके तहत पहले चरण में मुख्य मंदिर का कायाकल्प के साथ दर्शन व्यवस्था में भी बड़ा सुधार होगा। यही नहीं कहा जा रहा है कि गणेश चतुर्थी से पहले मंदिर परिसर में प्रसादी दुकान के पीछे खाली पड़ी लंबी-चौड़ी जगह में जी प्लस 2 तीन मंजिला आधुनिक सुविधा केंद्र की सौगात भी मिलने वाली है। इसके निर्माण को लेकर जल्द काम शुरू करने की तैयारी है।

**वीआईपी दर्शन व्यवस्था में भी बड़ा सुधार करने की है प्लानिंग -** यही नहीं इसके अलावा खजराना गणेश मंदिर प्रबंध समिति द्वारा वीआईपी दर्शन व्यवस्था में भी बड़ा सुधार करने की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत मुख्य हाल के सामने चार स्टेप में बनी रैलिंग की जगह यहां पक्की स्टेप की व्यवस्था की जाएगी। यही नहीं पर्याप्त चौड़ाई और लंबाई में नवीन स्टेप तैयार कर दर्शन व्यवस्था में बड़ा सुधार करने की भी तैयारी हो रही है। इसके अलावा फैसिलिटी सेंटर में छोटे बच्चों को खेलने की सुविधा के लिए किड्स जोन के साथ बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को मोबाइल और सामान रखने की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अलावा यहां एक अलग से एकांत स्थान पर महिलाएं अपने छोटे बच्चों को फीडिंग भी करवा सकेगी। इसके आलावा मंदिर प्रबंधन समिति की फैसलिटी सेंटर को इस तरह से तैयार करने की प्लानिंग है कि जिससे इस नवीन सुविधा केंद्र में दर्शनार्थियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा नए और अत्याधुनिक सुविधा केंद्र में आसानी से मिल सकें।

**बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को एक छत के नीचे मिलेंगी कई सुविधा एक साथ-** मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक भट्ट के मुताबिक प्रसादी दुकान के पीछे खुली भूमि पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द अत्यधिक जी प्लस टू नवीन सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। जहां बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को एक छत के नीचे कई सुविधाएं एक साथ मिलेंगी। इस केंद्र में बच्चों के लिए किड्स जोन के अलावा भक्तों के मोबाईल जमा करने के लिए व्यवस्था, सामान रखने की सुविधा सहित अन्य व्यवस्था एक केंद्र में करने की तैयारी शुरू हो गई है।

# लालबाग के साथ अब सेंट्रल म्यूजियम को संवारने की बारी

## संग्रहालय के भीतर के साथ अब बाहरी हिस्से में भी होंगे सौंदर्यकरण के कार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पुरातत्व विभाग द्वारा वर्तमान में जिस तरह से लालबाग में करोड़ों रुपए खर्चकर ऐतिहासिक धरोहर में भीतर से लेकर बाहर तक सौंदर्य करण के कई काम एक साथ किए जा रहें है। उसी तरह अब इंदौर के केंद्रीय संग्रहालय (सेंट्रल म्यूजियम) को भी सजाने-संवारने की भी बारी आखिर लंबे समय बाद अब जाकर आ गई है। जिसके तहत पुरातत्व विभाग द्वारा लालबाग के बाद चिड़ियाघर के पास स्थित केंद्रीय संग्रहालय के सौंदर्यकरण का काम भी इन दिनों तेजी के साथ शुरू कर दिया है। यही नहीं इसको लेकर रात में बाहरी हिस्से में काम हो रहा है।



जिसके तहत 100 साल से ज्यादा पुराने केंद्रीय संग्रहालय के भीतर के विकास के साथ अब विभाग करोड़ों रुपए खर्चकर बाहरी सौंदर्यकरण के कार्यों को लेकर भी लंबे समय के बाद अब कई काम एक साथ करने की तैयारी है। जिसके तहत सबसे पहले प्रबंधन द्वारा बाहरी सुरक्षा बाउंड्रीवॉल तोड़कर नई बनाने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा अब यहां के सालों पुराने मुख्य प्रवेश द्वार को तोड़कर भी जल्द इसकी जगह नया भव्य आकर्षक डिजाइन वाला लम्बा - चौड़ा नवीन प्रवेश द्वार बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। साथ ही करोड़ों रुपए खर्च कर भीतर से लेकर बाहर तक सालों पुराने संग्रहालय में भी अब सब कुछ नया नजर आएगा।

**केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित बजट मंजूरी के बाद शुरू हुआ काम-** गौरतलब है कि पुरातत्व विभाग द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा प्रस्तावित बजट के अनुसार करोड़ों रुपए की लागत से जहां एक तरफ लालबाग को संवारा जा रहा है वहीं अब सेंट्रल म्यूजियम यानी केंद्रीय संग्रहालय को भी भीतर से लेकर बाहर तक सजाने-संवारने को लेकर तेजी के साथ काम शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत पहले चरण में जहां पिछले साल भीतर के हिस्से को सजाने-संवारने के साथ सालों पुरानी गैलरी में भी बदलाव किया गया था। साथ ही रंगाई, पुताई के साथ सौंदर्यकरण को लेकर अन्य काम भी किए गए थे। वहीं अब संग्रहालय में अगले चरण में बाहर से भी सौंदर्यकरण और विकास के अन्य कार्य किए जा रहे है।

**बाहर के पुराने मुख्य प्रवेश द्वार की जगह बनेगा नया भव्य इंट्री गेट-** योजना के मुताबिक बाहरी एंट्री गेट को तोड़कर नया भव्य आकर्षक दिखने वाला डिजाइनर प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। जिस पर रोशनी के लिए आकर्षक दिखने वाली लाइटिंग भी लगाई जाएगी। जिससे रात में भी एंट्री गेट चमकता हुआ नजर आएगा। इसके अलावा बाहरी हिस्से की चारों तरफ सुरक्षा बाउंड्री वॉल बनाने का काम भी इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा केंद्रीय म्यूजियम में भीतर से लेकर बाहर तक अन्य सजाने-संवारने के साथ विकास के कई अन्य कार्य भी किए जाएंगे, जो आने वाले दिनों में संग्रहालय आने वाले दर्शकों को दूर से ही नजर भी आएंगे।



# 200 रु. किलो बिकने वाले अंगूर अब हो गए 35 से 40 रुपए पाव

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। चोइथराम फल फ्रूट मंडी में इन दिनों अंगूर की जोरदार आवक से अब अंगूर सस्ते हो गए है। जिसके तहत शुरुआती दौर में जहां अंगूर 200 रु. किलो से ऊपर बिक रहे थे। वही अंकुर अब डेढ़ सौ रुपए किलो से नीचे आ गए हैं। इसके बाद अब बाजार में अंगूर 30 रु. से लेकर 40 रु. पाव के आसपास मिलने लगे है। जबकि शुरुआती आवक के दौरान 50 से 60 रुपए पाव के भाव अंगूर बिक रहे थे। वहीं अब रोजाना 20 से 30 गाड़ी अंगूर की मंडी में आवक हो रही है। वही लगातार आवक बढ़ने से अब अंगूर के भाव में भी नरमी आ गई है।

## एपल और अनार पिछले साल से है बेहद सस्ते

यही नहीं इसके अलावा इन दिनों एप्पल और अनार की खूब आवक हो रही है। जिससे इस साल एप्पल और अनार पिछले साल से भी सस्ते हैं। एप्पल जहां डेढ़ सौ से 200 रु. किलो में आसानी से मिल रहे है। वहीं अनार भी 200 रु. किलो में आराम से बाजार में मिल रहे है। इसके अलावा संतरे की भी खूब आवक हो रही है। संतरे 180 से 200 रूपए किलो के भाव बताए जा रहे है।

# मास्टर प्लान में मंजूर सांवरिया धाम से मूसाखेड़ी सर्विस रोड की नहीं हटी अभी बाधाएं

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। मास्टर प्लान में प्रस्तावित सांवरिया धाम मंदिर पानी की टंकी के पास से रिंग रोड चौराहे तक की सर्विस रोड का काम इन दिनों दिन-रात तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत वर्तमान में यहां बैग फैक्ट्री के सामने की ओर एक तरफ के बड़े हिस्से में आधी से ज्यादा सर्विस रोड बनकर तैयार भी हो गई है। वही अब इदरीश नगर पानी की टंकी वाली साइड के बड़े हिस्से में भी निगम ने तोड़फोड़ के बाद खुदाई कर कर बड़े हिस्से में सर्विस रोड निर्माण का कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया है।

## आधी से ज्यादा सड़क हो गई तैयार फिर भी नहीं हटे बिजली के पोल और डीपी

वहीं बड़ी बात यह है कि यहां करीब दो माह पहले शुरू हुए सांवरिया धाम मंदिर के सामने से लेकर मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे तक मास्टर प्लान में प्रस्तावित 23 सड़कों के साथ मूसाखेड़ी रिंगरोड से सांवरिया धाम तक बनने वाली दोनों तरफ 35-35 चौड़ाई वाली



**मयूर नगर पानी की टंकी वाले हिस्से में काम की धीमी रफ्तार**

कुल टोटल 70 फीट चौड़ी सर्विस रोड का काम इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत वर्तमान में दोनों तरफ आधी से ज्यादा नई सड़क एक-एक पट्टी में बनकर तैयार भी हो गई है। वहीं दूसरी ओर मयूर नगर की साइड भी अब काम शुरू हो गया है। उसके बावजूद अभी तक निगम के जिम्मेदारों और बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से इस सड़क के चौड़ीकरण और निर्माण में बाधक 20 से ज्यादा बिजली के पोल और डीपी अभी तक नहीं हटाई गई है। जबकि दूसरी ओर सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। उसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा दोनों तरफ बाधक बिजली के पोल और डीपी अभी तक नहीं हटाई गई है। जिसको लेकर सवाल उठ रहें है। यही नहीं इसके कारण मयूर नगर पानी की टंकी वाले हिस्से में सर्विस रोड निर्माण कार्य फिलहाल धीमी रफ्तार से चल रहा है।

## संपादकीय

# अंधविश्वास की बलि चढ़ती मानवता, जादू-टोने के नाम पर हिंसा और कानून की लाचारी

विज्ञान के युग में अंधविश्वास के कारण हो रही हिंसा चिंताजनक है। झारखंड में डायन बताकर हत्याएं, वैज्ञानिक चेतना के प्रसार की आवश्यकता को दर्शाती हैं। आधुनिक दौर में विज्ञान और तकनीक की मदद से पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक प्रगति के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। मगर समाज का एक हिस्सा अब भी अंधविश्वास के अंधकार से बाहर नहीं निकल पा रहा है। इस तरह की सोच जहां व्यक्तिगत जीवन में परेशानियों के द्वार खुले रखती है, वहीं कई बार यह हिंसा का कारण भी बनती है। खासकर जादू-टोने के अंधविश्वास में नियम-कानूनों को ताक पर रखकर निर्दोष लोगों की हत्या कर देने या सार्वजनिक तौर पर किसी को अपमानित करने या फिर भीड़ हिंसा में किसी की बेरहमी से पिटाई करना आम बात हो गई है। यों तो देश के कई हिस्सों से डायन बता कर महिलाओं की हत्या के मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय के दौरान झारखंड में ऐसी लगातार कई घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में झारखंड के गुमला में जादू-टोना करने के संदेह में एक महिला की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। सवाल है कि इस तरह के अंधविश्वास को खत्म करने और इससे जुड़ी हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए सरकार से लेकर सामाजिक स्तर पर गंभीरता से प्रयास क्यों नहीं हो पा रहे हैं? इसमें दोराय नहीं कि चाहे गांव हो, या शहर हर जगह समाज के एक हिस्से में अंधविश्वास की छाया नजर आती है। आज जब देश और दुनिया विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में कोसों आगे निकल गए हैं, तब महज अंधविश्वास की वजह से किसी के बीमार होने पर चिकित्सीय इलाज कराने के बजाय जादू-टोने का सहारा लेना किस तरह की सोच को दर्शाता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकास के तमाम दावों के बीच देश में सामाजिक स्तर पर वैज्ञानिक चेतना के प्रसार को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से अब तक गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं। जबकि देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रचार एवं प्रसार को प्रोत्साहित करने का दायित्व सरकार और समाज सभी पर है। हालांकि, कुछ राज्यों में अंधविश्वास से जुड़े अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन उन पर कड़ाई से अमल और लोगों में जागरूकता पैदा करने से ही इस समस्या का समाधान संभव हो सकता है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के राज्यसभा का चुनाव लड़ने की चर्चा तेज है। इस चर्चा के बीच ही आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने रविवार को पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई है। बिहार में राज्यसभा की कुल पांच सीटों के लिए 5 मार्च को चुनाव होगा।

# कनुप्रिया का संगीतमय मंचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।संस्था सूत्रधार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हंस वाहिनी कला समूह द्वारा धर्मवीर भारती की कालजयी रचना कनुप्रिया का संगीतमय मंचन किया गया। डिम्पल अग्रवाल, सारिका दीक्षित, डॉ. ज्योति शर्मा, निधि वर्मा, गीतांजलि सावरिया सहित मौजूद थे।



# बिना अनुमति कॉलेज परिसर में फाग उत्सव, प्राचार्य पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलेज में बिना प्रशासनिक अनुमति के फाग उत्सव आयोजित करना भारी पड़ गया। पुलिस ने कॉलेज के प्राचार्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, 28 फरवरी को खंडवा नाका स्थित महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज परिसर में फाग उत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। सूचना मिलने पर भंवरकुआं पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जानकारी जुटाई। पुलिस ने जब कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर से कार्यक्रम की अनुमति के दस्तावेज मांगे, तो वे कोई भी वैध अनुमति पत्र पेश नहीं कर सके। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इतने बड़े आयोजन के लिए न तो स्थानीय थाने से और न ही वरिष्ठ कार्यालयों से कोई अनुमति ली गई थी। बिना अनुमति सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कर नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने प्राचार्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कमिश्नर ने ली अधिकारियों की बैठक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। पुलिस द्वारा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। नशा कर उत्पात मचाने वाले बदमाशों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई होगी।





# नाट्य प्रतियोगिता में किरकिरे ने की शिरकत

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अभिनव कला समाज में रंगकर्मियों की वार्षिक नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में गीतकार स्वानंद किरकिरे ने शिरकत की। उन्होने कहा कि हर थिएटर कलाकार अपने आपने में स्टार है। आयोजन में सुशील जौहरी, प्रवीण खारीवाल, आलोक वाजपेयी, पंकज क्षीरसागर, मौजूद थे।

## 35 भक्तों ने ग्रहण की हरिनाम दीक्षा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इस्कॉन मंदिर निपानिया में कल पहली बार 35 भक्तों को हरिनाम दीक्षा प्रदान की गई। बाहर से भी श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। पूजन, कीर्तन, अनुष्ठान के आयोजन भी किए गए, संकीर्तन भी हुए।

## पहलवानों का धुंआधार प्रदर्शन, एक स्वर्ण सहित 7 पदक जीते

**इंदौर।** तमिलनाडु के श्रीशैलम में प्रदेश के पहलवानों ने 1 स्वर्ण सहित 7 पदक जीते। ओलंपियन पप्पू यादव ने कहा कि हमारे मप्र की कुश्ती लगातार धुंआधार प्रदर्शन कर अब हर वर्ग में पदक जीतती आ रही है। हाल ही में तमिलनाडु के श्रीशैलम में हर्षित प्रजापत 62 किलो में स्वर्ण जीता। राजबागरी, धीरेन्द्र यादव ने रजत पदक जीता। शैली सेन, अपेक्षा बेस, वेदगय जोशी ने कांस्य पदक जीता। इस तरह मप्र के पहलवानों ने उच्च स्तरीय प्रदर्शन कर 7 पदक जीते। टीम के साथ कोच जगदीश पटेल, रिंकू यादव, आदित्य रैकवार गए थे। इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर मप्र कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव, ओलंपियन पप्पू यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव, गोविन्द गुर्जर, विकास यादव, विजय चौधरी, मुकेश प्रजापत, उज्जैन जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष उमेश ठाकुर ने बधाई दी।



# छात्र ने युवती से विवाद के बाद की आत्महत्या सुसाइड नोट बरामद

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र की तीन दिन तक चले इलाज के बाद रविवार को एमवाय अस्पताल में मौत हो गई। छात्र ने एक युवती से विवाद के बाद जहर खा लिया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से कटनी के बरही के रहने वाले मयंक पिता हरिहर द्विवेदी(22) ने गत 26 फरवरी की रात मेडिकल स्टोर से दवा लाकर अपने कमरे में खा ली थी। हालत बिगड़ने पर अगले दिन दोस्तों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ से गंभीर हालत में रविवार को उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान शाम को उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस को मयंक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने गांव की एक युवती से दोस्ती और संबंधों का जिक्र किया है। सुसाइड नोट के अनुसार, युवती द्वारा शादी से इनकार करने और संबंध खत्म करने से परेशान होकर मयंक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। मयंक पिछले तीन साल से अपनी बहन के साथ इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता किसान हैं। मयंक का एक बड़ा भाई मुंबई में काम करता है और परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहा था।

# बीएसएफ की महिला निशानेबाजों ने फिर लहराया परचम

**इंदौर।** सेंट्रल स्कूल ऑफ वेपन्स एंड टैक्टिक्स (सीएसडब्ल्यूटी), बीएसएफ इंदौर (मध्य प्रदेश) द्वारा आयोजित 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2025 का आज रेवती शूटिंग रेंज में भव्य समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ।

प्रतियोगिता में महिला वर्ग में ओवरऑल चैंपियन बीएसएफ की महिला टीम रही। दूसरा स्थान सीआरपीएफ की महिला टीम ने हासिल किया। महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ राइफल ट्रॉफी बीएसएफ, सर्वश्रेष्ठ पिस्टल ट्रॉफी भी बीएसएफ की महिला टीम ने हासिल की।

पुरुष वर्ग में ओवरऑल चैंपियन सीआईएसएफ की टीम रही। रनर-अप ट्रॉफी एसएसबी ने हासिल किया। सर्वश्रेष्ठ



राइफल ट्रॉफी बीएसएफ, सर्वश्रेष्ठ पिस्टल ट्रॉफी सीआईएसएफ ने जीती। वहीं एआईपीएससीबी चेयरमैन ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज) कॉन्स्टेबल (महिला) धीरामोनी राय, बीएसएफ रही। समापन समारोह का समापन सभी प्रतिभागी टीमों के लिए सामुदायिक भोज (बड़ाखाना) के साथ हुआ, जिसके पश्चात बीएसएफ ईगल ब्रास बैंड द्वारा मधुर संगीत प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मनमीत सिंह नारंग, स्पेशल डायरेक्टर, आईबी ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई तथा खेलों के औपचारिक समापन की घोषणा की। आगमन पर मुख्य अतिथि का स्वागत आईजी, सीएसडब्ल्यूटी एवं एसटीसी इंदौर तेजिंदर पाल सिंह सिद्धू द्वारा किया गया तथा उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएपीएफ एवं राज्य पुलिस बलों की टुकड़ियों ने बीएसएफ ब्रास बैंड की धुनों पर प्रभावशाली मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। छह दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित आयोजन में, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएससीबी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय राइफल संघ के अधिकारियों की देखरेख में सीएपीएफ, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश पुलिस बलों के 600 से अधिक निशानेबाजों ने 17 शूटिंग स्पर्धाओं में भाग लिया।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 159500 | 162400 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 268500 | 275050 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## भाजपा किसान मोर्चा में नियुक्तियां

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा किसान मोर्चा के जयपालसिंह चावड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्तियां की है। इनमें कुछ नेता इंदौर के भी शामिल हुए हैं।

## विद्युत कम्पनी की बैठक में मौजूद रहे ऊर्जा मंत्री

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पोलोग्राउण्ड स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत कम्पनी कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमनसिंह तोमर मौजूद रहे। उन्होने कहा कि आरडीएसएस के अन्तर्गत जो एजेन्सियां लापरवाही कर रही है उन पर कार्रवाई की जाना चाहिए। इसके अलावा आरडीएसएस एवं एसएसटीडी के कार्यों का समय पर उपभोक्ताओं को लाभ मिलना चाहिए। बैठक में बिजली कम्पनी के अधिकारी मौजूद थे।

# गर्मी में बिजली का लोड बढ़ने से नहीं जलेगी डीपी

## बिजली विभाग औद्योगिक क्षेत्र में 100 से ज्यादा डीपी पर लगा रहा है स्मार्ट मीटर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** आने वाले दिनों में गर्मी के सीजन में अचानक बिजली का लोड बढ़ने से अब पालदा औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों के बाहर लगी डीपी में एकदम से आग नहीं लगेगी। दरअसल बिजली विभाग औद्योगिक क्षेत्र में अलग-अलग फीडर में करीब 100 से ज्यादा डीपी पर आधुनिक तकनीक वाला डिजिटल स्मार्ट मीटर लगा रहा है। इस मीटर की खासियत यह होगी कि यह डीपी पर तय खपत से ज्यादा अचानक बढ़ने वाले लोड की जानकारी और पूरा पल-पल का डेटा डिजिटल स्मार्ट मीटर के जरिए अफसर ऑनलाइन देख सकेंगे। साथ ही पूरी खपत और लोड की निगरानी भी डिजिटली रख सकेंगे। वहीं सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस बार गर्मी के मौसम में औद्योगिक क्षेत्र की डीपी पर लिमिट से ज्यादा लोड भी नहीं बढ़ेगा। वहीं इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि लोड और खपत का आंकलन डिजिटल स्मार्ट मीटर से ऑनलाइन निगरानी भी हो सकेगा जिससे लोड को कम ज्यादा किया जा सकेगा और डीपी में आग नहीं लगेगी, सुधार भी तुरंत होगा वहीं इससे दुर्घटना होने का खतरा भी कम होगा।







### गर्मी में सबसे ज्यादा डीपी में चिंगारी और आग लगने का बढ़ता है खतरा

*वहीं बड़ी बात यह है कि गर्मी के दिनों में 11000 वॉट और उससे ज्यादा कैपेसिटी वाले हेवी लोड वाली बड़ी डीपी पर अचानक लोड बढ़ने पर चिंगारी और आग लगने जैसी घटना होना आम बात है। इसीलिए बिजली विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में ज्यादातर हेवी लोड वाली डीपी पर प्राथमिकता के साथ डिजिटल तकनीक वाले रेडियो फ्रीक्वेंसी के स्मार्ट मीटर लगाने का काम इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। इसकी खासियत यह है कि बिजली विभाग के बड़े अधिकारी अब अपने क्षेत्र में लगी किसी भी डीपी की निगरानी और डिजिटल तकनीक के जरिए कहीं से भी बैठकर आराम से स्मार्ट रीडिंग के जरिए खपत और लोड का पता कर सकेंगे। साथ ही इससे जहां भी लोड बढ़ने की स्थिति में तुरंत जानकारी मिलते ही सुधार कार्य और सुरक्षा का काम हाथों-हाथ तय समय में किया जा सकेगा।*

## मंडी में इस बार तरबूज की हो रही जबर्दस्त आवक, महाराष्ट्र लाइन से आ रही सबसे ज्यादा गाड़ियां



### रोजाना 15 से 20 गाड़ी आवक के बावजूद भाव में नहीं हो रही कमी

### रमजान के कारण 30 से 40 किलो बिक रहा है तरबूज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** गर्मी का सीजन अभी पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुआ और अंगूर के साथ अब तरबूज की भी इन दिनों जबर्दस्त आवक हो रही है। बताया जा रहा है कि चोइथराम मंडी में इन दिनों रोजाना 15 से 20 गाड़ी तरबूज की आवक हो रही है। उसके बावजूद भाव में कमी नहीं हो रही है। रमजान माह के कारण खेरची में अभी तरबूज 30 से 40 रु. किलो बिक रहा है। हालांकि अंगूर अब सस्ते हो गए हैं लेकिन तरबूज के भाव में कमी नहीं आ रही है। वर्तमान में महाराष्ट्र की लाइन से सबसे ज्यादा तरबूज की आवक हो रही है। हालांकि अभी लोकल आसपास के क्षेत्र से तरबूज की आवक ढंग से शुरू नहीं हुई है। इसीलिए अभी भाव ज्यादा है।

इधर, थोक व्यापारी विशाल प्रजापति, वीरेंद्र सिसोदिया का कहना है कि आने वाले दिनों में और ज्यादा गाडियों की आवक बढ़ने पर भाव में थोड़ी कमी हो सकती है।

### पिछले साल से ज्यादा महंगा बिक रहा है इस बार तरबूज

वहीं बड़ी बात यह है कि पिछले साल शुरुआती आवक के बाद से तरबूज 20 से 25 किलो बिक रहा था। यही नहीं बाद में लगातार आवक बढ़ने पर 15 रूपए किलो तक के भाव में भी बिक रहा था। लेकिन इस बार फरवरी माह से अच्छी आवक होने के बावजूद तरबूज 30 से 40 रु. किलो से कम नहीं बिक रहा है। यही नहीं खरबूजा भी 40 रु. किलो बोला जा रहा है। दरअसल रमजान माह में तरबूज के साथ खरबूजा की भी अच्छी खासी डिमांड है। अंगूर भी गोल वाले 100 से 120 रुपए किलो बिक रहे। वहीं लंबे वाले अंगूर 150 रुपए किलो के आसपास बिक रहे हैं।

## बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने सालों से उजाड़ ग्रीन बेल्ट की जगह अब बनेगा शानदार बगीचा

### रिंगरोड पर स्कीम नंबर 94 वाली सर्विस रोड के पास खाली जगह का होगा जन उपयोग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने सालों से उजाड़ पड़े ग्रीन बेल्ट की जगह पर अब आने वाले दिनों में बहुत जल्द शानदार बगीचा नजर आएगा। रिंग रोड पर स्कीम नंबर 94 वाली सर्विस रोड के पास लंबे समय से खाली पड़ी जगह का निगम जन उपयोग के लिए संवारने का काम शुरू करेगा। ग्रीन बेल्ट की लंबी-चौड़ी जगह पर अवैध कब्जों को रोकने के लिए पिपलियाना और बंगाली की तरह बड़े हिस्से में शानदार बगीचा बनाया जाएगा। जहां आसपास के रहवासियों के सुबह-शाम घूमने के लिए एक लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रेक भी बनाया जाएगा। इसके अलावा ग्रीनरी और खूबसूरती के लिए बगीचे में सैकड़ो पेड़-पौधे भी



लगाए जाएंगे।

**बैठक व्यवस्था के साथ रोशनी के लिए लगेगी डिजाइनर पोल पर लाइटिंग-** यही नहीं उद्यान विभाग के अफसरों के मुताबिक पूर्वी रिंग रोड के पास स्कीम 94 वाली सर्विस रोड के बड़े हिस्से में लंबे समय से ग्रीन बेल्ट की जगह पूरी तरह से उजाड़ पड़ी है। जिसके कारण लोग यहां ढंग से घूम भी नहीं पाते। वहीं अब आसपास के रहवासियों की मांग पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा निगम से यहां पिपलियाना और बंगाली चौराहे की तरह ग्रीन बेल्ट की उजाड़ जगह पर आकर्षक बगीचा बनाने की मांग की जा रही थी। जिस पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द काम शुरू करने की तैयारी है। प्लानिंग के हिसाब से ग्रीन बेल्ट के हिस्से में आसपास के रहवासियों के लिए लंबा-चौड़ा ब्लाक लगाकर आकर्षक पाथवे बनाया जाएगा। इसके अलावा रोशनी के लिए डिजाइनर पोल पर आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। साथ ही ग्रीनरी और खूबसूरती के लिए देशी-विदेशी पौधे भी लगेंगे। साथ ही आने-जाने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था और सुबह-शाम जिम और कसरत करने वालों के लिए जिम के आधुनिक उपकरण भी लगवाने की तैयारी है। यही नहीं इसको लेकर प्लानिंग भी शुरू हो गई है।

## *जूनी इंदौर फ्लाई ओवर पर महीनों से बंद पड़ी है आधी से ज्यादा सेंट्रल लाइटिंग*



**लंबे समय से ब्रिज पर फैला अंधेरा, वाहन चालकों को हो रही परेशानी**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** जूनी इंदौर फ्लाई ओवर पर पिछले कुछ माह से ब्रिज पर लगी आधी से ज्यादा सेंट्रल लाइटिंग बंद पड़ी है। जिसके कारण लंबे समय से ब्रिज के बड़े हिस्से में कई दिनों से अंधेरा फैला हुआ है। यही नहीं वाहन चालकों को इससे परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि रात में ब्रिज पर जगह-जगह लाइटिंग बंद होने से गाड़ियों की रोशनी का ही सहारा रहता है। जिससे लोगों को अंधेरे में से निकलना पड़ रहा है। आसपास के रहवासियों का कहना है कि निगम में कई बार शिकायत कर दी है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं बड़ी बात यह है कि निगम के जिम्मेदारों का बंद लाइटिंग महीनों तक नहीं सुधरने का यह पहला मामला नहीं। लोहा मंडी से शनि मंदिर जाने वाले मार्ग पर गाड़ी अड्डा ब्रिज पर भी पिछले कई महीनों से यही हाल है।

इधर,लोहा मंडी क्षेत्र के गाड़ी अड्डा ब्रिज पर भी निगम के विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही का अंधेरा लंबे समय से फैला हुआ है। हालत यह है कि पिछले दो-तीन माह से यहां ब्रिज पर लगी लगभग आधी से ज्यादा एलईडी लाइटिंग लंबे समय से खराब पड़ी हुई है। जिसको लेकर रहवासियों ने कई बार निगम में शिकायत कर दी, फिर भी कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है। यही नहीं इस ब्रिज पर ट्रांसपोर्ट वालों और आसपास के गाड़ी वालों ने अवैध पार्किंग भी बना रखी है। रात में अक्सर रावजी बाजार साइड उतार वाली भुजा के आधे से ज्यादा ब्रिज के हिस्से पर गाड़ियां पार्क रहती है। एक साइड ट्रक खड़े रहते है तो दूसरी तरफ कार और लोडिंग रिक्शा खड़ी नजर आती है। जिससे ब्रिज से गुजरने वाले वाहन चालकों को मोड़ का पता ही नहीं चलता ,यही नहीं इससे दुर्घटना होने का अंदेशा भी रहता है। फिर भी जिम्मेदार है कि ध्यान नहीं दे रहें।

# 97 रनों की पारी खेल भावुक हुए संजू सैमसन

## बन गए फैंस के असली हीरो




**कोलकाता।** संजू सैमसन ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 गेंदों में 4 छक्कों और 12 चौकों के साथ 97 रन की नाबाद पारी खेलते हुए भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के हीरो ने बताया है कि उन्होंने जब से क्रिकेट खेलना शुरू किया, तभी से इस तरह की पारी का इंतजार कर रहे थे। ईडन गार्डन्स में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 195 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 19.2 ओवरों में 5 विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली।

संजू सैमसन को इससे पहले दो अन्य मुकाबलों में मौका दिया गया था, जिसमें वह फैंस को संतुष्ट नहीं कर सके। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ 22 रन, जबकि जिम्बाब्वे के विरुद्ध 24 रन की पारी खेली थी, जिसके बाद उन पर सवाल खड़े होने लगे थे, लेकिन आखिरकार निर्णायक मैच में आखिरकार संजू का बल्ला चल पड़ा और हर किसी के लिए हीरो बन गए।

भारत की जीत के बाद संजू सैमसन ने कहा, जिस दिन से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया, देश के लिए खेलने का सपना देखा, उसी दिन से मैं इस तरह की पारी का इंतजार कर रहा था। मेरा सफर बहुत खास रहा है। इस दौरान कई उतार-चढ़ाव आए। कई बार खुद पर शक हुआ कि क्या मैं कर पाऊंगा? लेकिन आज मुझे आशीर्वाद देने के लिए मैं ऊपरवाले का शुक्रगुजार हूं। अपनी पारी की रणनीति पर बात करते हुए संजू ने कहा, मैं इस फॉर्मेट को कई वर्षों से खेल रहा हूं। विराट कोहली, रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गजों से बहुत कुछ सीखने को मिला। मैंने देखा है कि महान खिलाड़ी परिस्थितियों के हिसाब से अपना खेल कैसे बदलते हैं। उन्होंने कहा, पिछले मैच में हम पहले बल्लेबाजी कर रहे थे, इसलिए मैं पहली गेंद से आक्रामक था, लेकिन इस मैच में हालात अलग थे, जब भी ज्यादा रिस्क लिया, विकेट गिर रहे थे।

## अब सेमीफाइनल में चार और पांच मार्च को

**कोलकाता।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका वर्सेस न्यूजीलैंड होगा, जो कोलकाता के ईडन गार्डेंस में बुधवार 4 मार्च को खेला जाएगा। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मैच इंग्लैंड वर्सेस इंडिया होगा, जो मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में उसके अगले दिन आयोजित होगा। दोनों ही मैचों के लिए रिजर्व डे है, अगर बारिश ने मैच में खलल डाला तो पूरा मैच अगले दिन शिफ्ट किया जा सकता है। दोनों मैचों की टाइमिंग भी सेम है। दोनों मैच भारतीय समय के अनुसार शाम को सात बजे से खेले जाएंगे। रविवार 8 मार्च को दोनों सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# संजू को मेहनत का मीठा फल मिल गया है: सूर्यकुमार

**कोलकाता।** ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में 5 विकेट से मिली शानदार जीत के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बेहद खुश नजर आए। इस जीत के साथ ही भारत ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में उनका सामना डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से होगा। मैच के बाद सूर्या ने एक बड़ा बयान दिया।

### सूर्यकुमार यादव ने की सैमसन की तारीफ



मैच के बाद सूर्या ने न केवल टीम के प्रदर्शन की सराहना की बल्कि मैच के हीरो संजू सैमसन की जमकर तारीफ की जिन्होंने 97 रनों की मैच जिताऊ पारी खेलकर भारत की जीत सुनिश्चित की। संजू सैमसन ने इस अहम मैच में शतक से चूकने के बावजूद जिस तरह की बल्लेबाजी की उसने कप्तान का दिल जीत लिया। सूर्या ने कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। यह मैच हमारे लिए एक क्वार्टर फाइनल की तरह था और जिस तरह से पूरी टीम खेली वह वाकई शानदार था। मैं हमेशा कहता हूं कि अच्छे लोगों के साथ अच्छा ही होता है। संजू पिछले काफी समय से बहुत कड़ी मेहनत कर रहे थे और आज उन्हें उस मेहनत का मीठा फल मिल गया है।

### हम सेमीफाइनल के हकदार थे

भारतीय टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट में अब तक दबदबा बनाए रखा है। पाकिस्तान को हराने से लेकर सुपर-8 में वेस्टइंडीज को धूल चटाने तक, टीम इंडिया ने एक यूनिट के तौर पर प्रदर्शन किया है। अपनी टीम के सफर पर गर्व करते हुए सूर्या ने कहा, हम टूर्नामेंट के पहले मैच से जिस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं हम सेमीफाइनल में पहुंचने के हकदार थे। फिलहाल हम आगे के बारे में ज्यादा नहीं सोचेंगे। हम मुंबई जाएंगे और वहां पहुंचकर ही योजना बनाएंगे कि सेमीफाइनल में क्या करना है।

### अब इंग्लैंड से होगा सामना

वेस्टइंडीज को हराकर भारत ने सेमीफाइनल का टिकट तो कटा लिया है लेकिन अब चुनौती और बड़ी होने वाली है। 5 मार्च को होने वाले मुकाबले में भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। दिलचस्प बात यह है कि यह मैच सूर्या के घरेलू मैदान मुंबई में खेला जाएगा जहां की परिस्थितियों से वे और टीम के कई खिलाड़ी अच्छी तरह वाकिफ हैं।

# संजू की पारी नहीं बुमराह का वह ओवर था मैच का टर्निंग पाइंट: होप



**कोलकाता** । भारत के खिलाफ रविवार को सुपर-8 मैच में 5 विकेट से हार के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2026 में वेस्टइंडीज का सफर समाप्त हो गया है। कैरेबियन टीम के कप्तान शाई होप ने भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन को सराहा है, जिन्होंने 50 गेंदों में 4 छक्कों और 12 चौकों के साथ 97 रन की नाबाद पारी खेलते हुए वेस्टइंडीज से जीत छीन ली।रविवार को खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 4 विकेट खोकर 195 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 19.2 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली।

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने हार के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा, शायद हम कुछ रन कम बना पाए, खासकर यहां जैसे चेंजिंग ग्राउंड पर। हम आखिरी ओवरों में थोड़े अधिक रन जोड़ सकते थे। संजू सैमसन ने वाकई शानदार पारी खेली, इसका श्रेय उन्हें देना होगा, लेकिन अगर कुछ रन और होते तो बेहतर रहता।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवरों में 36 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। उन्होंने न सिर्फ शिमरोन हेटमायर (27) और रोस्टन चेज (40) की साझेदारी को तोड़ा, बल्कि इन दोनों ही खिलाड़ियों का विकेट बुमराह के ही नाम रहा।

मैच के टर्निंग प्वाइंट पर होप ने कहा, जसप्रीत बुमराह उनके (भारत) स्ट्राइक गेंदबाज हैं। जब गेंद उनके हाथ में होती है, कुछ न कुछ जरूर होता है। उस ओवर में उन्होंने साझेदारी तोड़ी, खासकर उस वक्त जब शिमरोन हेटमायर टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में थे। यह खेल का एक निर्णायक पल था। फिर भी हम 190 के आसपास पहुंचे और खुद को मौका दिया।

### अपने गेंदबाजों को लेकर कही यह बात

कप्तान ने अपनी टीम के गेंदबाजों की तारीफ में कहा, मुझे लगा कि पूरे टूर्नामेंट में हमारी गेंदबाजी अच्छी रही। अलग-अलग परिस्थितियों में हमने खुद को ढाला। पावरप्ले में गेंदबाजी खास रही। अकील हुसैन ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम में लौटने के बाद गुडाकेश मोती ने भी अच्छा योगदान दिया।

# गंभीर ने संजू को सीने से लगाया, मैच के बाद दिल खोलकर रख दिया

**कोलकाता।** संजू सैमसन ने 1 मार्च की रात को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में जो पारी लिखी है, उसकी जितनी सरहाना की जाए उतनी कम है। अकेले दम पर संजू ने भारत को सेमीफाइनल का टिकल दिलवा दिया। वेस्टइंडीज ने भारत को 196 रन का टारगेट दिया था। संजू सैमसन की नाबाद 97 रन की पारी के चलते भारत ने 5 विकेट से मुकाबला 19.2 ओवर में जीत लिया। संजू सैमसन ने 194 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी में 12 चौके और 4 छक्के लगाए।

**मैच के बाद गौतम गंभीर ने लगाया गले-** सोशल मीडिया के चर्चित प्लेटफॉर्म एक्स पर एक फोटो वायरल हो रहा है, जिसमें टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर मैच के बाद संजू सैमसन को गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि संजू वर्ल्ड कप से पहले काफी खराब फॉर्म में चल रहे थे। वर्ल्ड कप में भी दो मुकाबलो में अच्छी शुरुआत मिलने के बाद संजू जल्दी आउट हो गए थे। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने ऐतिहासिक पारी खेली। गौतम गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वो वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं। हम सब जानते हैं संजू कितने शानदार खिलाड़ी हैं। उनको सिर्फ बैक करने की बात थी। जब टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। आज वो दिन था, जहां उन्होंने अपना पोटेंशियल दिखाया। उम्मीद है कि यह उनका किक ऑफ करने का समय है। उम्मीद है अभी दो और मैच बाकी हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें संजू के टैलेंट के बारे में हमेशा से पता था।

# सारांश भार्गव की आक्रामक पारी से इन्दौर कोल्ट्स की आकर्षक जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में इन्दौर कोल्टस एवं एसवीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाये । सारांश भार्गव ने 5 चौके व 4 छक्को की मदद से आक्रामक 76 रन, पवन निर्वाणी ने 33 रन एवं मनन मेहता ने 28 रन बनाये । सिद्धांत जैन ने 4 विकेट लिये । जवाब में एसवीसीए की टीम 20 ओवरो में 8 विकेट पर 74 रन ही बना सकी और यह मैच 110 रनों के विशाल अंतर से हार गई । सौम्य पाटीदार ने 40 रन बनायें।





## सीसीआय की रोमांचक जीत

एक अन्य मैच सीसीआय एवं एमकेसीसी के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो म 7 विकेट खोकर 131 रन बनाये । नमन पांचाल ने 40 रन एवं सुदीप वर्मा ने नाबाद 30 रन बनाये । अर्पित पटेल ने 3 विकेट लिये । जवाब में सीसीआय की टीम ने 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 132 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीत लिया । वरूण श्रीवास्तव ने 45 रन, कार्तिक परिहार ने 28 रन एवं अर्पित पटेल ने नाबाद 11 रन बनाए।

# थाने में आदतन अपराधियों की परेड त्योहारों को लेकर पुलिस सतर्क

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आगामी त्योहारों होली और रंगपंचमी के मद्देनजर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इंदौर पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना द्वारकापुरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों, गुंडों और निगरानी बदमाशों की परेड आयोजित की। पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल और सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के निर्देशन में थाना



प्रभारी द्वारकापुरी मनीष मिश्र ने विस्तृत कार्ययोजना के तहत क्षेत्र के कुख्यात बदमाशों को थाने तलब किया। गुंडा परेड के दौरान सभी बदमाशों को पुलिस ने कड़ी चेतावनी दी और भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध में शामिल न होने की शपथ दिलाई गई। थाना द्वारकापुरी पुलिस द्वारा नोटिस तामील कराकर अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि आगामी त्योहारों के दौरान किसी भी बदमाश की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# होली और रंगपंचमी पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## 2500 पुलिसकर्मी और 12 ड्रोन चप्पे-चप्पे पर रखेंगे नजर





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**होली और रंगपंचमी के त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए इंदौर पुलिस और प्रशासन ने कमर कस ली है। शहर में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं, जिसके तहत 2500 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे और 12 ड्रोन कैमरों के जरिए निगरानी रखी जाएगी।**

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह और कलेक्टर शिवम वर्मा सुरक्षा व्यवस्था की मुख्य कमान संभालेंगे। त्योहारों के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर ने सभी जोन के अफसरों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने और नागरिकों से संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। शहर में सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल सीआरपीएफ की एक कंपनी इंदौर पहुँच चुकी है। इसके साथ ही क्यूआरएफ और जिला बल तैनात रहेगा। पूरे शहर की 360-डिग्री ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लाइव निगरानी की जाएगी, जिसके लिए 4 स्थानों पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। पुलिस आज शाम संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी निकालेगी।

## शराब के पैसे नहीं दिए तो युवक को जमीन पर घसीटकर पीटा

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए हफ्ता वसूली को लेकर बदमाश ने युवक को बस स्टैंड पर बुरी तरह पीटा और जमीन पर घसीटा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, वारदात इंदौर-धार रोड पर मेठवाड़ा फाटा के पास हुई। फरियादी धनसिंह निवासी सिनखेड़ी, जिला खरगोन रोड पर खड़े होकर बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान आरोपी जितेंद्र निवासी ग्राम मेठवाड़ा वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। फरियादी ने पुलिस को बताया कि पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने उसे धमकाया और कहा, 'इस क्षेत्र में काम करना है तो मुझे शराब पीने के लिए पैसे देने पड़ेंगे।' विरोध करने पर आरोपी ने पहले अपमानित किया और फिर जमीन पर घसीटकर मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बेटमा पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी जितेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सूने मकान, दुकान और गोदाम में चोरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बदमाशों ने सूने मकान, दुकान और गोदाम में सेंधमारी कर चोरी की तीन वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने तीनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशेष बात यह है कि एक मामले में सीसीटीवी की मदद से आरोपी पड़ोसी को ही दबोच लिया गया है। सूर्य सुखम कॉलोनी मूसाखेड़ी में रहने वाली आराधना कुशवाह के घर को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। 16 फरवरी के दौरान जब घर सूना था, तब चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर भीतर रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है।

सीसीटीवी में कैद हुआ पड़ोसी दुकानदार- लिम्बोदी स्थित 'भैय्या चाय नाश्ता प्वाइंट' में 23 फरवरी की रात सिगरेट और पान मसाले के पैकेट चोरी हुए थे। दुकानदार अतुल बोंबटकर ने जब संदेह होने पर दुकान में सीसीटीवी कैमरे दिखवाए तो चोरी की हकीकत सामने आ गई। फुटेज में पड़ोस में कैफे चलाने वाला अखिलेश तिवारी दुकान में चोरी करते हुए दिखाई दिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। गोदाम से लोहे के रोल और नगदी चोरी- ग्राम देवगुराड़िया स्थित जेबीएस जिप्सम इंडिया के गोदाम में 28 फरवरी की तड़के चोरी की वारदात हुई। फरियादी मुकुल जैन के अनुसार, अज्ञात बदमाशों ने गोदाम का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये कीमत के दो पुराने लोहे के रोल और 17,500 रुपये नकद उड़ा लिए।

## पिस्टल व कारतूस सहित धराया

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई कार्रवाई में एक युवक को अवैध हथियार के साथ दबोचा है। आरोपी के पास से देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर टीम ने मर्फी रेस्टोरेंट के पास स्थित खाली मैदान में घेराबंदी की। यहाँ संदिग्ध अवस्था में घूम रहे केतन शर्मा निवासी टेकर वाली गली को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक लोहे की देशी पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल की मैगजीन की जांच करने पर उसमें तीन जिंदा कारतूस लगे मिले। हथियार पर लाल रंग का कलावा बंधा था और बैरल पर .32 बोर अंकित था। पुलिस ने हथियार और कारतूस को जब्त कर लिया है। भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत, प्रोपराइटर के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**खुडैल थाना क्षेत्र के ग्राम सातमील में हुए एक दर्दनाक हादसे में जहां निर्माणाधीन इमारत से गिरकर एक मजदूर की जान चली गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी पाई गई है, जिसके आधार पर कंपनी के मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है।**

पुलिस के मुताबिक, यह घटना 2 फरवरी की शाम करीब 5 बजे की है। नायरा पेट्रोल पंप के पास स्थित सुदर्शन पल्सेस एंड रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड की बिल्डिंग में निर्माण कार्य चल रहा था। चौथी मंजिल पर काम करने के दौरान एक मजदूर अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच में यह बात सामने आई है कि निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट या जाली उपलब्ध नहीं कराए गए थे। बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के इतनी ऊंचाई पर काम करवाना हादसे का मुख्य कारण माना गया है। हादसे में लापरवाही पाए जाने पर खुडैल पुलिस ने सुदर्शन पल्सेस एंड रियल एस्टेट प्रा.लि. के प्रोपराइटर परेश गुप्ता निवासी बैकुंठ धाम कॉलोनी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# बार में गुंडागर्दी, जबरन बिल भरवाने को लेकर युवक को पीटा

**इंदौर।** विजयनगर थाना इलाके के एक रेस्टो बार में सरेराह गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। यहाँ परिवार के साथ डिनर करने पहुँचे एक युवक पर कुछ बदमाशों ने अपना बिल चुकाने का दबाव बनाया और इनकार करने पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी अशप्रीत सिंह छाबड़ा निवासी गुरुनानक कॉलोनी की रिपोर्ट पर मनजोत बोपाराय उसके साथी रूद्रांश, गगन सलूजा और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी 28 फरवरी की रात एनफिनिटी होटल स्थित 'होबनोब रेस्टो बार' में अपने परिवार के साथ भोजन करने गए थे। इसी दौरान आरोपी मनजोत बोपाराय अपने साथियों के साथ वहाँ पहुँचा। आरोपियों ने फरियादी को अलग बुलाकर उनके द्वारा खाए गए खाने का बिल भरने को कहा। जब फरियादी ने बिल भरने का कारण पूछा और मना किया, तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने खुद पर कई पुलिस केस दर्ज होने और क्षेत्र में अपना नाम होने की धौंस दिखाई। बदमाशों ने धमकाते हुए कहा कि 'अगर पैसे नहीं दिए तो अंजाम ठीक नहीं होगा।' विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी के साथ मारपीट शुरू कर दी।





# कार ने मारी बाइक को टक्कर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के बाणेश्वरी कुंड बाणगंगा गौशाला के समीप खड़ी बाइक को कार ने टक्कर मार दी। लोगों ने कार चालक का मुंह सूंघा तो गड़बड़ नजर आई। यह बाइक कमला नेहरू नगर के राजेन्द्र मालवीय की थी और मालवीय गौशाला पर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अन्दर गए थे तभी यह घटना घटी, यह तो गनीमत है कि किसी को लगी नहीं, गाड़ी में जरूर नुकसान हुआ।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।